# PRE BOARD EXAMINATION, January 2020

## SUBJECT:-HINDI –L2

CLASS :- X M.MARKS- 80

DATE:- 14 - 01 - 2020 TIME:- 3 Hours

सामान्य निर्देश :

1. इस प्रश्नपत्र में चार खण्ड हैं – क, ख, ग, घ ।
2. सभी खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
3. यथासंभव प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।
4. एक अंक के प्रश्न का उत्तर लगभग 15–20 शब्दों में लिखिए ।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30- 40 शब्दों में लिखिए ।
6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 50- 60 शब्दों में लिखिए ।
7. पाँच अंकों के प्रश्नों का उत्तर 80–100 शब्दों में लिखिए ।

## खण्ड- क

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

जनता के पास लोकतंत्र में चुनाव ही वह अस्त्र हुआ करता है जिसके द्वारा वह शासक दल और विरोधी दल दोनों पर अपना अंकुश और नियंत्रण लगाए रख सकती है, पर अपने इस अचूक अस्त्र के प्रयोग के लिए लोकतंत्रीय व्यवस्था वाले देशों में जनता का सभी प्रकार से जागरूक होना बहुत आवश्यक हुआ करता है । सामाजिक, राजनीतिक आदि सभी पहलुओं से जागरूक जनता ही चुनाव के माध्यम से देश या राज्यों के प्रशासन में ऐसे व्यक्ति को भेज सकती है जो वास्तव में निहित स्वार्थों से ऊपर उठकर जनसेवा के कार्यों में रुचि रखने वाले हों, त्याग और बलिदान की भावना से भर कर जनता और राष्ट्रहित को ही सर्वोच्च मानने वाले हों और उनमें ऐसा सब कर सकने की शक्ति और क्षमता भी पूर्ण रूप से विद्यमान हो । इस जागरूकता के अभाव में चुनावों का नाटक और लोकतंत्र खिलवाड़ बनकर रह जाया करते हैं । जनता के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने प्रतिनिधि विवेक और ईमानदारी से चुने । इस चुनाव में जनता को जात-पात, अमीर- ग़रीब में फंसे बिना सच्चे प्रतिनिधि चुनने चाहिए जिससे लोकतंत्र सफल होगा ।

प्रश्न क) जनता के पास कौन- सा अस्त्र होता है ? यह अस्त्र क्या काम करता है ? 2

ख) इस अस्त्र के प्रयोग के लिए क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए ? 2

ग) जागरूक जनता क्या- क्या कर सकती है ? 2

घ) अच्छे शासक में कौन- कौनसे गुण होने चाहिए ? 2

ङ) जनता के लिए क्या आवश्यक है ? 1

च) गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए । 1

## खण्ड- ख

प्रश्न- 2. शब्द और पद के अंतर को उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए । 1

प्रश्न- 3. किन्हीं तीन वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए । 1 x 3 = 3

1. सुभाष बाबू को पकड़कर लाल बाज़ार लॉकअप में भेज दिया गया । (संयुक्त वाक्य)
2. रीति के अनुसार दोनों को एक ही गाँव का होना आवश्यक था । (मिश्र वाक्य)
3. गौरव ने अशोक से कहा कि वह तैयार रहे । (सरल वाक्य)
4. जैसे ही चाय तैयार हुई वैसे ही उसने उसे प्यालों में डाल दिया । (संयुक्त वाक्य)

प्रश्न ४(क) किन्हीं दो समस्तपदों का विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए। 1×2 = 2

हस्तलिखित, धूप-दीप, वचनामृत ।

प्रश्न ४(ख) किन्हीं दो विग्रहों के समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखिए। 1×2 = 2

मति के अनुसार, नीला है जो अंबर, हवन के लिए सामग्री ।

प्रश्न 5. किन्हीं चार वाक्यों को शुद्ध कीजिए। 1×4 = 4

1. कर्नल वज़ीर अली को नहीं पहचाना ।
2. वह घायल लड़ाई के दौरान हुआ ।
3. हमारे जीवन का रफ़्तार बढ़ गया है ।
4. मेरे को किसी की परवाह नहीं है ।
5. यह भोजन दस आदमी के लिए है ।

प्रश्न 6. उचित मुहावरों द्वारा किन्हीं चार वाक्यों को पूरा कीजिए। 1×4 = 4

1. वह बरसों से हमारी ............ झोंक रहा है ।
2. पुलिस इंस्पेक्टर ने एक ही गोली में डाकू का ............ कर दिया।
3. वामीरो को देखकर तताँरा अपनी ............ बैठा ।
4. जब नौकरी ढूँढ़ने निकलोगे, तब तुम्हें ............ मालूम हो जाएगा ।
5. व्यापारी लोग ............ बनाना खूब जानते हैं ।

## खण्ड- ग

प्रश्न 7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 2×3 = 6

1. पुलिस कमिश्नर के नोटिस और कौंसिल के नोटिस में क्या अंतर था ?
2. ख्यूक्रिन ने मुआवज़ा पाने की क्या दलील दी ?
3. तताँरा और वामीरो के गाँव की क्या रीति थी ?
4. बड़े भाई साहब दिमाग़ को आराम देने के लिए क्या करते थे ?
5. शैलेंद्र के अनुसार कलाकार का कर्तव्य क्या है ?

प्रश्न 8. वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था। कैसे ? 5

अथवा

आपके विचार से कौन-से ऐसे मूल्य हैं जो शाश्वत हैं। वर्तमान समय में इन मूल्यों की प्रासंगिकता स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 9. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 2×3 = 6

1. मीठी वाणी बोलने से औरों को सुख और अपने तन को शीतलता कैसे प्राप्त होती है ?
2. गोपियाँ श्रीकृष्ण की बाँसुरी क्यों छिपा लेती हैं ?
3. पावस ऋतु में प्रकृति में कौन-कौन से परिवर्तन आते हैं ? कविता के आधार पर बताइए ।
4. कविता 'मधुर-मधुर मेरे दीपक जल' में 'दीपक' और 'प्रियतम' किसके प्रतीक हैं ?
5. कंपनी बाग में रखी तोप क्या सीख देती है ?

प्रश्न 10. 'आत्मत्राण' शीर्षक की सार्थकता कविता के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए। 5

अथवा

'मनुष्यता' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है ?

प्रश्न 11. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 3×2 = 6

1. इफ़्फ़न की दादी के देहांत के बाद टोपी को उसका घर खाली-सा क्यों लगा ?
2. पीटी साहब की 'शाबाश' फ़ौज के तमग़ों-सी क्यों लगती थी ?
3. हरिहर काका के मामले में गाँव वालों की क्या राय थी ? उसके क्या कारण थे ?

## खण्ड - घ

प्रश्न 12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 - 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 6

क) 'जय जवान जय किसान'

जवान और किसान का महत्त्व, जवान देश का रक्षक, किसान देश का पालक, देश में जवान और किसान की भूमिका।

ख) 'आत्मनिर्भरता'

अर्थ, आवश्यकता क्यों?, लाभ, उपसंहार।

ग) 'समय बहुमूल्य है'

बीता समय लौटकर नहीं आता, सफलता के लिए ठीक समय का चुनाव, सदुपयोग : सफलता की कुंजी, उपसंहार।

प्रश्न 13. समाज में बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए नागरिकों को जागरूक करने का आग्रह करते हुए किसी दैनिक अखबार के संपादक को पत्र लिखिए। 5

अथवा

विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर स्वच्छ पीने के पानी की व्यवस्था को सुधारने की प्रार्थना करते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न 14. 'जनजागरण क्लब' की ओर से 'मतदाता जागरूकता अभियान' में शामिल होने के लिए युवाओं के साथ होने वाली बैठक की जानकारी देते हुए अध्यक्ष की ओर से 40 - 50 शब्दों में सूचना लिखिए। 5

अथवा

आपके विद्यालय में एक सप्ताह के लिए 'नेत्र चिकित्सा शिविर' लगाया जा रहा है, जिसमें निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया जाएगा। जनता की सूचना के लिए 40 - 50 शब्दों में सूचना लिखिए।

प्रश्न 15. बीमार और डॉक्टर के बीच होने वाले संवाद को 50 - 60 शब्दों में लिखिए। 5

अथवा

दिनोंदिन बढ़ते प्रदूषण की समस्या पर अक्षय और आमिर के बीच होने वाले संवाद को 50 - 60 शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 16. आपके शहर में जूतों का शोरूम 'लैदर कॉर्नर' खुला है। उसके लिए 25 - 50 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

अथवा

बाज़ार में नया उत्पाद आया है - 'नवीन अचार'। नवीन एग्रो, 135, करोल बाग़ दिल्ली की ओर से 25 - 50 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।